जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

28 मार्च 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के छात्र मुन्ना खालिद ने छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी छात्र मुन्ना खालिद ने 19-23 मार्च 2024 के दौरान झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक जीता है। चैंपियनशिप का आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया और टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लगभग 28 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 567 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

खालिद ने अपने साथी शशांक कुमार के साथ रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक के लिए मुन्ना खालिद और शशांक कुमार ने पिछले पांच वर्षों के राष्ट्रीय चैंपियन को कड़ी टक्कर दी और तीन सेटों में 1-2 (21-12, 14-21 और 14-21) से हार गए।

पिछले साल दिसंबर में खालिद ने 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023' में कांस्य पदक जीता था और हाल ही में उन्होंने पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में भी हिस्सा लिया था।

खालिद का लक्ष्य आगामी एशियाई खेलों और पैरालिंपिक में पदक जीतना और देश, राज्य और जामिया का नाम रोशन करना है। जामिया में हिंदी साहित्य में पीएचडी के छात्र खालिद ने इससे पहले जेएमआई से बी.एससी. (ऑनर्स), एमएसडब्ल्यू और एमए हिंदी की पढ़ाई भी पूरी की थी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया